अलसुबह से देर शाम तक उत्साह और उमंग से मनाई रंगपंचमी

फाग यात्रा में झूमे शहरवासी, खूब बरसा रंग-गुलाल और पानी की फुहार

शाजापुर। शहर में रंगों के पर्व होली का समापन रंगपंचमी के साथ हुआ और इस दिन भी सुबह से शाम तक शहरवासी रंगों में रंग कर टोलियों के रूप में घूमते रहे। जिन्हें जो भी जहां मिला, उसे अपने संग शामिल कर लिया, तो शहर में निकली फाग यात्रा ने हुरियारों के उत्साह में चार चांद लगा दिए, जिसमें शामिल हुलियारों ने लोगों पर पंपों से गुलाल की बौछार कर दी। शहर की हर गली और सड़क रंग पंचमी के उत्साह का परिचय दे रही थी।

एक-दूसरे को रंगने का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। एक तरफ युवा वर्ग, तो दूसरी तरफ महिलाओं ने भी इस पर्व को धूमधाम से मनाया। इसके साथ ही रंगों के त्योहार होली पर्व का समापन भी हो गया।

रंगपंचमी पर लोगों के उत्साह का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रविवार को होली के पर्व को लेकर शनिवार शाम से ही लोगों ने तैयारी शुरू कर दी थी और जो भी मिला, उसे रंगों से सराबोर कर रंगपंचमी पर्व की शुभकामना दी। इसके बाद रविवार को अलसुबह से लोग अपने मित्रों और टोली को घर से निकालने में व्यस्त हो गए थे और एक-एक कर सभी आजाद चौक पहुंचे। जहां संगीतमय गीतों और ढोल ढमाकों की थाप के साथ पानी की बौछारों के बीच नाच-गाकर पर्व मनाया और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दी। साथ ही जमकर रंग-गुलाल भी उड़ाया। खास बात यह रही कि खाकी की मौजूदगी में सभी लोगों ने अनुशासन का परिचय दिया, जिसके चलते पुलिसकर्मी भी पर्व का आनंद लेते रहे।

फाग यात्रा का भी लिया आनंद...

हुरियारों की टोली दोपहर बाद आजाद चौक से निकली फाग यात्रा में शामिल हुई और उसमें भी हुरियारों ने जमकर रंग बरसाया, तो जमकर ढोल और बैंड की धुन पर बज रहे होली के गीतों पर झूमे भी। देखते ही देखते लोगों का हुजूम बढ़ता गया और बड़ी संख्या में लोग फाग यात्रा में शामिल हुए, जिसने पर्व के उत्साह को और बढ़ा दिया।

बिजली कंपनी ने मनाया राष्ट्रीय लाइनमैन दिवस

शाजापुर। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमि. द्वारा गत दिवस विद्युत नगर स्थित श्रम कल्याण केन्द्र एबी रोड शाजापुर में राष्ट्रीय लाइनमैन दिवस भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर पूरे जिले से लाइनमेन उपस्थित हुए। समारोह 12 बजे सरस्वती पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात उपस्थित अधिकारियों द्वारा लाइनमेन के द्वारा किए जाने वाले कार्यों की प्रशंसा करते हुए अपने-अपने उद्बोधन दिए।

अधीक्षण यंत्री एसएन वर्मा ने बताया कि उपभोक्ता से प्रथम संवाद लाइनमेन ही करता है और लाइनमेन के कारण ही क्षेत्र में वसूली एवं लाइन मेंटेनेन्स कार्य होता है। उन्होंने कहा कि अच्छी सेवाओं के लिए पुरस्कृत करना शासन की यह बहुत अच्छी पहल है। इससे कर्मचारियों का उत्साहर्वधन होता है।

इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहने से कर्मचारियों में कार्य के प्रति लगन और बढ़ती है एवं कार्य में गुणवत्ता आती है। कार्यपालन यंत्री कार्या। शाजापुर ढोले ने कहा कि लाइनमेन विद्युत कंपनी की नीव का पत्थर होता है। जिस पर विद्युत कंपनी का भार होता है। कार्यपालन यंत्री शुजालपुर गुजराती ने कहा कि लाइनमेन हर परिस्थिति में उपभोक्ता की सेवा के लिए तैनात रहते हैं। लेकिन कार्य में सावधानी बरतते हुए उन्हें अपने परिवार का भी ध्यान रखना चाहिए।

एक नजर में | कलेक्टर ने जारी किया आदेश, सतत निगरानी करेंगे प्रशासनिक अधिकारी

आगर-मालवा जिले में फसल अवशेष जलाने पर लगाया प्रतिबंध

सोयतकलां। जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जिला आगर मालवा की संपूर्ण राजस्व सीमा में रबी फसल विशेष रूप से गेहूं की कटाई के बाद खेतों में फसल अवशेष नरवाई जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है।

जारी आदेश के अनुसार खेतों में फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण प्रदूषण एवं जन स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव तथा जीव जन्तुओं की सुरक्षा के दृष्टिगतयह प्रतिबंध लगाया गया है। फसल कटाई के पश्चात खेतों में फसल अवशेष जलाना पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। हार्वेस्टर मशीन संचालकों को यह अनिवार्य होगा कि वे हार्वेस्टर मशीन के साथ स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम लगाकर ही फसल कटाई करें तथा खेत पर ही अवशेषों को भूसा बनाकर निपटान करें। जिले की सीमा में प्रवेश करने वाले हार्वेस्टर में यदि स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम नहीं पाया जाता है तो क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

स्ट्रा रीपर से भूसा बनवाना अनिवार्य...

बिना स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम लगी हार्वेस्टर मशीन से फसल कटाई किए जाने की स्थिति में स्ट्रा रीपर से भूसा बनवाना अनिवार्य होगा। अन्यथा भूमि मालिक एवं हार्वेस्टर मशीन संचालक दोनों पर 5-5 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया जाएगा। इसके साथ ही हार्वेस्टर मशीन संचालकों को मशीन का प्रकार, वाहन नंबर, स्वामी का नामए संपर्क नंबर एवं कार्य क्षेत्र की जानकारी संबंधित थाने में दर्ज कराना भी अनिवार्य किया गया है।

नरवाई जलाने पर देना होगा जुर्माना, राशि निर्धारित

पर्यावरण विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार खेतों में नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि भी निर्धारित की गई है। जिसमें 2 एकड़ से कम भूमि पर अवशेष जलाने पर 2500 प्रति घटना, 2 से 5 एकड़ भूमि पर अवशेष जलाने पर 5000 प्रति घटना, 5 एकड़ से अधिक भूमि पर अवशेष जलाने पर 15000 प्रति घटना क्षतिपूर्ति राशि वसूली जाएगी। आदेश आगामी दो माह तक प्रभावी रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

गेर में रंग, फोम और मस्ती... ढोल पर थिरके युवा

▶ रंगपंचमी की गेर में मशीन से उड़ा रंग गुलाल और फोम

नवभारत न्यूज

रतलाम। शहर में रविवार को रंगपंचमी पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। गेर में शामिल होने के लिए सुबह से ही युवाओं की टोलियां रानीजी के मंदिर पहुंचने लगी थीं। दो फायर फाइटर से रंगों की बौछार करने के साथ ही गुलाल उड़ाने वाली मशीन से गुलाल और फोम उड़ाया गया। जिस मार्ग से गेर निकली वहां चारों ओर रंग-रंग ही नजर आया।

इस बार धानमंडी क्षेत्र से निकली गेर में ढोल-ताशों और डीजे की धुन पर युवा झूमते हुए नजर आए। गेर का आयोजन रतलाम जनजागृति सांस्कृतिक मंच के अक्षय मित्र मंडल और नर नारायण ग्रुप द्वारा किया गया। गेर में सबसे आगे घोड़े और ऊंट के साथ बैंड, डीजे, ढोल-ताशों की टोलियां चल रही थी। गेर के दौरान मशीनों से करीब 20 क्विंटल से अधिक रंगीन गुलाल उड़ाया गया। जबकि फायर फाइटर से गुलाबी रंग के पानी की बौछार की गई। युवाओं की टोलियां रंगों से सराबोर होकर गेर अलग-अलग रूप झध धारण कर नाचते-गाते शामिल हुई। दोपहर 12 बजे शुरू हुई गेर शाम 4.30 बजे तक चलती रही। घास बाजार चौराहे से लेकर चांदनीचौक तक पूरी सड़क रंगों में रंगे युवाओं से भरी पड़ी थी। चांदनीचौक में अलग से फुव्वारों लगाकर आयोजन किया। चौमुखीपुल पर गेर को देखने शहरवासी परिवारों के साथ भी पहुंचे।

दो फायर फाइटर से उड़ाया रंग: गेर में मशीन से गुलाल उड़ाने के साथ ही दो फायर फाइटर से रंगों की बौछार की गई। इन बौछारों में भीगने के लिए युवा आतुर थे। हर जगह और चौराहे पर फायर फाइटर से रंगों की बौछारे करने के साथ ही गुलाल उड़ाया गया।

रेलवे अधिकारी पेंशनर्स एसोसिएशन का होली मिलन

दो बत्ती स्थित एक निजी होटल में रिटायर्ड रेलवे अधिकारी पेंशनर्स एसोसिएशन ने शनिवार को होली मिलन समारोह आयोजित कर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर शुभकामनाएं व्यक्त की।संगठन की अध्यक्ष पद्मश्री डॉ लीला जोशी सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा निदेशक ने सभी को होली एवं रंगपंचमी की शुभकामनाएं एवं बधाई दी।इस अवसर पर सेवानिवृत्त रेल अधिकारी आर एच परदेसी, आर के श्रीवास्तव, आर पुंडीर,पी परमार, एल कायस्थ, टी एस कुंगवानी, जी एस सिसोदिया, एस बरमेचा, आर सी विमल, पी सी चौधरी, एल एस शर्मा, वी के यादव, एस के निगम, आर के ममतानी,एस सी गोयल, एस आर व्यास आदि सपरिवार उपस्थित थे।

महिला दिवस पर शक्ति स्वरूपा का सम्मान

▶ मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने 4 महिलाओं को किया सम्मान

रतलाम। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने कार्यक्रम आयोजित कर शक्ति स्वरूपा का सम्मान किया। आयोजन में भावना बावेल, मंजू वर्मा, सरोज चौहान, आकांशा बावेल का सम्मान किया।

इस अवसर पर संघ के संभागीय सह संगठन मंत्री सर्वेश कुमार माथुर ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति में महिलाओं को शक्ति स्वरूपा माना है। देवताओं को भी माता के नाम से पुकारते हैं अंजनी पुत्र, कौशल्या नंदन यशोदा के लाला आदि। देवताओं के पहले देवियों का नाम लिया जाता है। सीता राम, राधेकृष्ण। जिला अध्यक्ष गोपाल उपाध्याय ने कहा कि किसी भी सफल पुरुष के पिछे महिला का हाथ होता है।वह मां, पत्नी,बहन और बेटियों का हाथ रहता है। जिला सचिव जितेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि महिलाएं अन्तरिक्ष में उड़ान भर रही है। इस अवसर पर रतलाम शहर संगठन मंत्री विश्व मित्र पंवार, तहसील अध्यक्ष रमेश परमार, सचिव डी के जोशी कोषाध्यक्ष प्रवीण परिहार वरिष्ठ शिक्षक डाक्टर दिलीप वर्मा, इंद्र नारायण पाठक, शांति लाल बावेल,संजय मांजरेकर,ध्रुव कुमार पारखी, संजय मावर, युगल किशोर पाल, रविन्द्र वर्मा आदि उपस्थित थे। संचालन दिलीप वर्मा व आभार रविन्द्र वर्मा ने माना।

महिला दिवस विशेष : रतलाम की बेटी आस्था देराश्री डिजिटल मार्केटिंग से बना रही हैं नई पहचान

नवभारत न्यूज

रतलाम। आज के डिजिटल युग में जहाँ व्यवसाय तेजी से ऑनलाइन दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं, वहीं रतलाम की बेटी आस्था देराश्री ने कम उम्र में ही डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। मात्र 24 वर्ष की आयु में आस्था अपनी डिजिटल मार्केटिंग एजेंसी Rightway Branding के माध्यम से देश-विदेश के कई ब्रांड्स को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही हैं।

पिछले 3 वर्षों से उनकी टीम लगातार डिजिटल ग्रोथ पार्टनर के रूप में काम कर रही है और अब तक 80 से अधिक ब्रांड्स के साथ काम कर चुकी है। उनकी एजेंसी न केवल भारत के विभिन्न शहरों बल्कि दुबई की कई कंपनियों के लिए भी डिजिटल मार्केटिंग और ब्रांडिंग की सेवाएँ दे रही है। आस्था और उनकी टीम ने कई स्थानीय और राष्ट्रीय ब्रांड्स को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। खासतौर पर उदयपुर और आसपास के कई व्यवसायों को सोशल मीडिया और ऑनलाइन मार्केटिंग के माध्यम से सफल बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

दिल्ली में हुआ सम्मान

उनकी इसी उपलब्धि और योगदान को देखते हुए उन्हें 21-23 फरवरी 2026 को भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदी परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. विपिन कुमार द्वारा उन्हें सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान केवल आस्था के लिए ही नहीं बल्कि पूरे रतलाम शहर के लिए गर्व का विषय है। एक युवा महिला उद्यमी के रूप में आस्था देराश्री यह साबित कर रही हैं कि मेहनत, डिजिटल स्किल और सही सोच के साथ कोई भी युवा अपने शहर का नाम देश-विदेश में रोशन कर सकता है।

सीएमएचओ और जिला अधिकारियों ने बाजना का किया निरीक्षण, मिजल्स संबंधी मरीज से चर्चा की

नवभारत न्यूज

रतलाम। सीएमएचओ सहित जिला अधिकारियों ने बाजना क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मिजल्स लक्षण संबंधी मरीज से मिल चर्चा कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संध्या बेलसरे ने बताया कि रतलाम जिले के बाजना विकासखंड में मिजल्स के लक्षण संबंधी मरीज मिलना प्रतिवेदित हुए थे। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे ,जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर वर्षा कुरील , एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉक्टर गौरव बोरीवाल ने बाजना विकासखंड के ग्राम देवला एवं बरखेड़ा में भ्रमण किया , तथा मरीजों से मिलकर उनके हाल-चाल जाने और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की।

स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा आसपास के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी निरंतर सर्वे करके उचित कार्रवाई की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा एम आर वैक्सीनेशन में कम उपलब्धि के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र देवला की एएनएम श्रीमती यशोदा गरवाल को निलंबित किया गया है। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर देवला के सी एच ओ पुष्कर पाटीदार को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है । हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर अमरपुरा कला की सी एच ओ सुधा पाटीदार की सेवा समाप्ति के लिए राज्य कार्यालय को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। उप स्वास्थ्य केंद्र अमरपुरा कला की एएनएम श्रीमती हीना शर्मा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। संबंधित क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता लीला मइड़ा, रेखा निनामा, एलोरा गामड़, श्यामा और अनीता मालिवाड के विरुद्ध भी नियम अनुसार कार्रवाई की जा रही है। पीड़ित बच्चों को उचित उपचार एवं सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है।

हार्डवेयर दुकान में आग,डेढ़ घंटे में पाया काबू

▶ लाखों का रूपए का नुकसान, शार्ट सर्किट से आग की आशंका

नवभारत न्यूज

रतलाम। टैंकर रोड स्थित विनोबा नगर में रविवार दोपहर एक हार्डवेयर और सेनेटरी की दुकान में अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है, हालांकि प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है।

आग श्री राम हार्डवेयर एंड सेनेटरी नामक दुकान में करीब दोपहर 2 बजे लगी। आग लगने से दुकान में रखा हार्डवेयर का सामान, प्लास्टिक पाइप, नल सहित अन्य सामग्री जलकर नष्ट हो गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाने के लिए 5 फायर लॉरी लगाई गई और करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह बुझाया जा सका। घटना की सूचना पर औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय दुकान बंद थी। अचानक आसपास के लोगों ने दुकान से धुआं निकलते देखा और तुरंत इसकी सूचना दी। कुछ ही देर में आग की लपटें और घना धुआं दिखाई देने लगा, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि दुकान संचालक राहुल पिता सुनील प्रसाद, निवासी विनोबा नगर रविवार सुबह अपने दोस्तों के साथ राजस्थान के सांवलियाजी मंदिर दर्शन के लिए गए हुए थे।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से मेरे पक्षकार धर्मेन्द्र सिंह बलवंतसिंह पिपलौदा जिला रतलाम (म.प्र.) से प्राप्त प्रतिबोधन एवं निर्देशानुसार इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम घराड तहसील व जिला रतलाम स्थित कृषिभूमि सर्वे नम्बर-2016/3 रकबा 0.6200 हैक्टर जिसके दिशा पूर्व में - रास्ता है, दिशा पश्चिम में अन्य की भूमि है, दिशा उत्तर में - 2016/2 की भूमि एवं दक्षिण में 2016/4 की भूमि है। उक्त भूमि को मेरे पक्षकार ने विक्रेता/भूमि स्वामी मोहन पिता उंकारजी ग्राम नयाखेड़ा धराड़ जिला रतलाम से विधिवत अनुबंध करते हुए क्रय करने का सौदा किया है ओर विक्रय प्रतिफल में सांई की राशि अदा कर दी है ओर विक्रेता द्वारा उक्त कृषि भूमि को समस्त भार-बोझ से मुक्त होना एवं साफ-स्वच्छ ओर अविवादित होना बताकर विक्रय अनुबंध किया है। मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में उक्त कृषि भूमि के संबंध में शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना है इस कारण से किसी भी व्यक्ति, निकाय, संस्था, बैंक इत्यादि को उक्त कृषि भूमि के संबंध में किसी प्रकार की उज्ज, स्वत्व, हक, अधिकार संबधी विवाद या आपत्ति हो तो उक्त जाहिर सूचना के प्रकाशन से 05 दिवस में मय प्रमाणिक दस्तावेज एवं न्यायालयीन विवाद, स्टे आदि हो तो प्रस्तुत करे अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार अपने हित में विक्रय पत्र का पंजीयन करवायेगी जिसके पश्चात किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि किसी की आपत्ति मान्य नही होगी तथा संबंधित व्यक्ति स्वयं जवाबदार होगा। सो सूचित हो। दिनांक: 8.03.2026

लोकेश कुमावत हाई कोर्ट एडवोकेट
मो.-9755328026
पता: नामली रतलाम (म.प्र.)